# उद्यमियों की हर मदद करेंगे: पाठक

## एक्सपो

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी इस समय आर्थिक मोर्चे पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है। हमारे पास देश का सबसे बड़ा बुनियादी ढांचा है। यूपी में देश के किसी भी अन्य राज्य की तुलना में अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस-वे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों की हरसंभव मदद करेगी। डिप्टी सीएम ने यह बात शनिवार को इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा गोमतीनगर स्थित दयाल कन्वेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश एमएसएमई और खुदरा एक्सपो-23 शुभारंभ कार्यक्रम में कही।



उत्तर प्रदेश एमएसएमई और खुदरा एक्सपो-23 का शुभारंभ शनिवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दयाल कन्वेंशन सेंटर में किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा हमारी ताकत हैं। हम उनकी सामाजिक और आर्थिक समृद्धि के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं। उन्हें उनकी रुचि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इस मौके पर इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह ने यूपी में एमएसएमई व्यापार पर अपने विचार साझा किए।